अर्थ हमें इसके बाद के अनंत काल के लिए तैयार करना है । इस तैयारी में, ईश्वर से हमारा विश्वास की परीक्षा, खुशहाली और आपदा के माध्यम से ली जाएगी । इसके अलावा, हमारी यह भी परीक्षण होगी कि हम अपनी स्वतंत्र इच्छा का उपयोग कैसे करते हैं, और यह हमारी स्वतंत्र इच्छा के परिणामस्वरूप अच्छाई या बुराई हमारे जीवन को छूएंगे; यह मनुष्य ही है जो बुराई करता और उसका प्रचार प्रसार करता है ईश्वर नहीं । बुराई और पीड़ा न केवल हमारे विश्वास की परीक्षा हैं, बल्कि वे मनुष्य के लिए एक चेतावनी और एक निंदा भी हैं । यह अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में होता है कि सकारात्मक चिंतन और उच्च उद्देश्य की तलाश हमारे अंतरात्मा में जागृत होती है ।



*सूर्य का ग्रहण: यह शानदार घटना केवल इसलिए संभव है क्योंकि सूर्य चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी से चार सौ गुना आगे है और चंद्रमा से भी चार सौ गुना बड़ा है । ये सटीक अनुपात एक बेहतरीन नक्शाकार, ईश्वर, को इंगित करते हैं जिन्होंने इस सुंदर दृश्य को बनाया है ।*

# इस्लाम में महिलाओं का स्थान

इस्लाम द्रढ़ता से पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान इंसान के रूप में देखता है । पुरुष और महिला जैविक रूप से भिन्न होते हैं - लेकिन परस्पर निर्भर - भूमिकाएँ परिवार और समाज में निभाते है । हालांकि, कोई एक दूसरे से बेहतर है । कुरआन (४:१) से निम्नलिखित श्लोक इस सिद्धांत को खूबसूरती से प्रस्तुत करता है:

> *हे मनुष्यों! अपने उस पालनहार से डरो, जिसने तुम्हें एक जीव (आदम) से उत्पन्न किया तथा उसीसे उसकी पत्नी (हव्वा) को उत्पन्न किया और उन दोनों से बहुत-से नर-नारी फैला दिये। उस अल्लाह से डरो, जिसके द्वारा तुम एक-दूसरे से (अधिकार) मांगते हो तथा रक्त संबंधों को तोड़ने से डरो । निःसंदेह अल्लाह तुम्हारा निरीक्षक है ।*

यह श्लोक कहता है कि महिलाएं पुरुषों के लिए प्रकृति की तरह हैं, दोनों के पास पारस्परिक अधिकार हैं, और अल्लाह विशेष रूप से हमारी माताओं के लिए विशेष श्रद्धा और सम्मान के लिए कहता है ।




इस नेक सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए, ७ वी शताब्दी में इस्लाम ने महिलाओं को पुरुष प्रधान समाज में मात्र नौकर के दर्जे से मुक्त कर पुरुषों के साथ आध्यात्मिक, सामाजिक और आर्थिक समानता का दर्जा दिया ।३५

इस प्रकार, इस्लाम में महिलाओं को संपत्ति का अधिकार है, उत्तराधिकार का हक़ है, शिक्षा का अधिकार है, स्वयं के जीवन यापन का अधिकार और पुरुषों द्वारा प्राप्त अन्य सभी अधिकार प्राप्त हैं ।

कुछ मुस्लिम समाजों में महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय इस्लाम द्वारा निर्धारित नहीं हैं, वास्तव में वे सांस्कृतिक प्रथाएं है जो इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है । उदाहरण के लिए, जबरदस्ती विवाह करना या लड़कियों को शिक्षा से वंचित करना, दोनों कुछ मुस्लिम समाजों में प्रचलित हैं, लेकिन वे इस्लामी कानून के तहत अवैध हैं ।

# धार्मिक अतिवाद और हिंसा

धार्मिक अतिवाद और हिंसा ऐसी घटनाएं हैं जो दुनिया के सभी धर्मों में मौजूद हैं और वे उतने ही पुराने हैं जितने धर्म खुद हैं । सभी धर्मों में हमेशा कुछ ऐसे लोग होंगे जो अपने चरमपंथी और अक्सर विकृत विचार रखते हैं । ऐसे लोगों के चरमपंथी विचारधाराओं और दिमाग के कट्टरपंथीकरण के कारण बहुत से युद्ध लड़े गए और लोगों पर अत्याचार किए गए । इस मानव प्रवृत्ति को रोकने के लिए, इस्लाम आस्था, मानव स्वतंत्रता की मर्यादा, मानवीय सम्मान की रक्षा, सभी धर्मों के प्रति सम्मान, जीवन की पवित्रता, न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों पर मानवीय चरित्र का निर्माण करता है ।

## सभी आस्थाओं के लिए इच्छा और सम्मान की स्वतंत्रता

अल्लाह ने इंसान को आस्था के मामलों में विवेक और इच्छाशक्ति के साथ पैदा किया, और इस तरह किसी भी धर्म में आस्था किसी पर भी थोपा नहीं जा सकता । पहले से उद्धृत किए गए कुरआन के श्लोक २:२५६ और १०:९९ के अलावा (धारा १० देखें) अल्लाह क़ुरान में कहता है (११:११८-११९),

> *और यदि आपका पालनहार चाहता, तो सब लोगों को एक समुदाय बना देता और वे सदा विचार विरोधी रहेंगे । परन्तु जिसपर आपका पालनहार दया करे और इसीके लिए उन्हें पैदा किया है ।*

आस्था में विविधता हमारे निर्माण की ईश्वर की योजना के अंतर्गत है और इसका मतलब सभी धर्मों के लोगों के साथ, सह-अस्तित्व और सहिष्णुता से रहे ।

## जीवन की पवित्रता

इस्लाम निर्दोषों की हत्या की निंदा करता है और किसी भी अन्य प्रकार की हिंसा या अन्याय की भी निंदा करता है । इस्लाम में किसी भी बेगुनाह व्यक्ति को मारना घोर पाप है । अल्लाह कहता है:

> *जिसने भी किसी प्राणी की हत्या की, किसी प्राणी का ख़ून करने अथवा धरती में विद्रोह के बिना, तो समझो उसने पूरे मनुष्यों की हत्या कर दी और*

*जिसने जीवित रखा एक प्राणी को, तो वास्तव में, उसने जीवित रखा सभी मनुष्यों को (क़ुरान ५:३२)*

इस्लाम में युद्ध केवल आत्मरक्षा और किसी भी प्रकार की आक्रामकता या उत्पीड़न के खिलाफ करने की अनुमति है ।३६ हालाँकि, इस तरह के युद्ध का आह्वान उन लोगों के खिलाफ घोषित किया जाएगा जो आक्रामकता में लगे हुए हों न की निर्दोष नागरिकों और उनकी संपत्ति पर । इसके अलावा, युद्ध के लिए आह्वान एक वैध राज्य द्वारा किया जा सकता है, न कि व्यक्तियों या समूहों द्वारा । इस्लाम में युद्ध बहुत सख्त नियमों द्वारा शासित है इस में कैदियों, निर्दोष और गुणों, संपत्ति से कैसे निपटा जाना है इसका निर्देश है ।३७

## न्याय और निष्पक्षता

न्याय और निष्पक्षता की कमी चरम और हिंसक विचारधारा को जन्म देती है । इस्लाम सभी धर्म के लोगों के साथ न्याय और निष्पक्षता का आदेश देता है । अल्लाह कुरआन की आयत (६०:८) में कहता है,

*अल्लाह तुम्हें नहीं रोकता उनसे, जिन्होंने तुमसे युध्द न किया हो धर्म के विषय में और न बहिष्कार किया हो तुम्हारा, तम्हारे देश से, इससे कि तुम उनसे अच्छा व्यवहार करो और न्याय करो उनसे । वास्तव में अल्लाह प्रेम करता है न्यायकारियों से ।*

इन सिद्धांतों के साथ, इस्लाम में चरमपंथ और हिंसा केवल इस्लामी सिद्धांतों में अज्ञानता, धर्म में अत्यधिक उत्साह या धर्म के अलावा प्रेरणा के कारण हो सकती है। आज हम दुनिया में जो हिंसा देख रहे हैं, वह मूल रूप से राजनीति से प्रेरित है और इसका धर्म या धार्मिक संप्रदायों से कोई लेना-देना नहीं है, हालांकि धर्म का नाम अंतर्निहित उद्देश्यों को पूरा करने और लोकप्रिय समर्थन जुटाने के लिए उपयोग किया जाता है । इन संघर्षों और हिंसा के परिणाम शक्ति संघर्ष, राजनीती, वर्चस्व, धन, लालच, प्रतिशोध और विदेशी सैन्य हस्तक्षेप हैं । इस्लाम का, आज दुनिया में धर्म के नाम पर चल रहे, युद्ध और अन्याय से कोई सरोकार नहीं हैं ।

# इस्लामि जिहाद

‘*जिहाद*’’ एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है कुछ हासिल करने के लिए ‘संघर्ष या प्रयास’ करना । इस्लामी संदर्भ में इसका अर्थ है 'अल्लाह के मार्ग में संघर्ष करना' अर्थात् ईश्वर की सेवा में प्रयास करना । क़ुरान में कई आयतें है जो विश्वासियों को अल्लाह के मार्ग में संघर्ष करने का आह्वान करती है । उदाहरण के लिए, क़ुरान में (५:३५) में हम पढ़ते हैं;

> ***हे ईमान वालो ! अल्लाह (की अवज्ञा) से डरते रहो और उसकी ओर वसीला खोजो तथा उसकी राह में जिहाद करो, ताकी तुम सफल हो जाओ ।***

इसलिए, एक विश्वासी की हर क्रिया जो अल्लाह की खुशी के इरादे से की जाती है, वह है जिहाद; इसमें भक्ति, दान, हमारी इच्छाओं को नियंत्रित करना, सही ज्ञान का हासिल करना, जीवन यापन के साधन अर्जित करना, हमारे परिवार का पालन-पोषण करना, जो अच्छा है उसके बारे में बताना और जो बुरा है, उसकी मनाही करना, आदि शामिल हैं ।

इतिहास की किताबों के साथ-साथ आधुनिक मीडिया में भी *'जिहाद'* शब्द का उल्लेख अक्सर लड़ाई या हिंसा के संबंध में किया जाता है । यह गलत है क्योंकि अरबी में लड़ना को क़िताल कहते है न कि जिहाद । इस्लाम पर आरोप है कि उसे जिहाद के नाम पर तलवार से फैलाया गया । यह इतिहास की किताबों में दोहराया गया सबसे शानदार झूट है: इस्लाम अपने उदात्त सिद्धांतों और मूल्यों द्वारा दुनिया भर में फैला है, तलवार से नहीं; कही कभी भी इस्लामि धर्मयुद्ध नहीं हुआ । शब्द 'पवित्र युद्ध' इस्लामी शब्दावली में मौजूद नहीं है । इसका आव्हान १०९५ में पोप अर्बन II ने किया था, जब उन्होंने यूरोप में सभी ईसाइयों को मुस्लिमों के खिलाफ "पवित्र युद्ध" में शामिल होने के लिए पवित्र भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए कहा । हालाँकि, मुसलमानों ने प्रारंभिक इस्लामी इतिहास में युद्धों किया था, लेकिन वह युद्ध आक्रामकता को पीछे हटाना या अत्याचार को दूर करना और आस्था के मामलों में विवेक और स्वतंत्रता की स्थापना करना था; वे वास्तव में मुक्ति के युद्ध थे, न कि रूपांतरण के युद्ध। उदाहरण के लिए, मुसलमानों ने सैकड़ों वर्षों तक भारत पर शासन किया लेकिन लोगों को इस्लाम धर्म में शामिल करने का अभियान कभी नहीं चला; आज तक भारत एक हिंदू बहुल देश है ।

*'जिहादी'* और *'जिहादवाद'* आधुनिक शब्द हैं जिनका उपयोग मीडिया में इस्लामी चरमपंथी और उनकी विचारधाराओं का वर्णन करने के लिए किया जाता है। ये शब्द एक आधुनिक आविष्कार हैं और इनका इस्लाम में कोई ऐतिहासिक अर्थ नहीं है ।

इस्लाम किसी भी नाजायज़ हिंसा को मंजूरी नहीं देता है। मुसलमानों को केवल आत्मरक्षा में और आक्रामकता विद्रोह में लड़ने की अनुमति है । इस स्थिति में लड़ाई को जिहाद के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा क्योंकि कोई आत्मरक्षा में या आक्रामकता को रोकने के लिए प्रयास कर रहा है । अल्लाह कुरान (२:१९३) में कहता है;

> ***तथा उनसे युध्द करो, यहाँ तक कि फ़ितना न रह जाये और धर्म केवल अल्लाह के लिए रह जाये, फिर यदि वे रुक जायें, तो अत्याचारियों के अतिरिक्त किसी और पर अत्याचार नहीं करना चाहिए ।***



*सुल्तान अहमद मस्जिद इस्तांबुल, तुर्की में स्थित एक ऐतिहासिक मस्जिद है । इसमें अब भी नमाज पढ़ी जाती है । यह ब्लू मस्जिद, के मान से लोकप्रिय है, इसका का निर्माण १६०९ और १६१६ के बीच अहमद I के शासन के दौरान किया गया था । इसमें अहमद का मकबरा, एक मदरसा और एक धर्मशाला है ।*

# इस्लामि शरीयत

*शरीयत* एक विस्तृत **आचार संहिता** है जो संपूर्ण मानव जीवन को ईश्वरीय इच्छा के अनुरूप नियंत्रित करती है । इसमें मूल विश्वास (पंथ), भक्ति का तरीका, नैतिकता, सामाजिक-आर्थिक सिद्धांत, कानून इत्यादि शामिल हैं । शरीयत शब्द का अर्थ है स्पष्ट रास्ता' या 'मार्ग' और इस प्रकार इस्लामी संदर्भ में इसका अर्थ मोक्ष और अनन्त सफलता का मार्ग है। मुसलमान होना शरीयत के अनुसार जीना है क्योंकि यह जीवन का ईश्वरीय मार्ग है ।

इस्लामिक शरीयत के मूल सिद्धांत कुरान और पैगंबर की रवायतों से लिए गए सिद्धांतों के विशिष्ट अनुप्रयोग, साथ ही बदलती स्थितियों को संबोधित करने के लिए कानूनी और धार्मिक फैसलों का चयन और धार्मिक विद्वानों की राय की आम सहमति (अरबी में इ*ज्मा*) शरीयत को परिभाषित करते हैं ।

मानवीय निर्णय अकेले सही और निष्पक्ष तरीके से संपूर्ण मानवता के लिए आचरण स्थापित नहीं कर सकते हैं । इसका कारण यह है कि मानव निर्णय अहंकार, पूर्वाग्रह, इच्छाओं,



*उच्च न्यायालय, मस्कत, ओमान*

स्वार्थ, भावनाओं, अल्पदृष्टि और अन्य सभी मानवीय कमजोरियों से नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है । मानवीय आचरण के सही तरीके के लिए हमारे निर्माता, हमारे ईश्वर की आवश्यकता और इस तरफ हमारा मार्गदर्शन यह इस्लामी शरीयत है । यह आचार संहिता है जिसका उद्देश्य मानव जीवन, प्रतिष्ठा, मन, विश्वास, परिवार और संपत्ति की रक्षा करना है ।

शरीयत को अक्सर ऐसे बयान में इस्लामी कानून बताकर इस्तेमाल किया है, वास्तव में जिनके खिलाफ इस्लाम सीख्शा देता है, जैसे महिलाओं का शोषण, बाल विवाह, स्वतंत्रता के प्रतिबंध, और इसी तरह की अन्य अधीनता । इस तरह की बयानबाजी इस्लामी शरीयत की अज्ञानता से निकलती है; यह वास्तव में **आचार संहिता** है जो न केवल उन बुराइयों के लिए समाधान और विद्रोह प्रदान करती है, जिनके लिए शरीयत को गलत तरीके से आरोपित किया गया है, बल्कि मानवता की बुराइयों का भी शरीयत एक समाधान है । उदाहरण के लिए, यह शरीयत है जो मानव समानता पर कानूनों और दिशानिर्देशों को निर्धारित करती है, परिवार में माता-पिता और बच्चों के अधिकार, गरीबों और जरूरतमंदों के अधिकारों, युद्ध के आचरण का युद्ध और मानवीय उपचार, उचित व्यापारिक सिद्धांत, धार्मिक सहिष्णुता, सामाजिक शिष्टाचार, राज्य शासन, और इत्यादि का आदेश और दिशानिर्देश देती है ।

निम्नलिखित कुरान के छंद एक उदाहरण है जहां से वाणिज्य पर निष्पक्ष और समान आचार संहिता इस्लामि शरीयत में ली गई है, (कुरान २६:१८१-१८३)।

أَوْفُوا۟ ٱلْكَيْلَ وَلَا تَكُونُوا۟ مِنَ ٱلْمُخْسِرِينَ ۝
وَزِنُوا۟ بِٱلْقِسْطَاسِ ٱلْمُسْتَقِيمِ ۝
وَلَا تَبْخَسُوا۟ ٱلنَّاسَ أَشْيَآءَهُمْ وَلَا تَعْثَوْا۟ فِى ٱلْأَرْضِ مُفْسِدِينَ ۝

*तुम नाप-तोल पूरा करो और कम देने वालों में न बनो । और सीधी तराज़ू से तोलो । और मत कम दो लोगों को उनकी चीज़ें और धरती में उपद्रव फैलाते मत फिरो ।*

# इस्लाम के माननेवालों में विभाजन

पैगंबर के समय और उनकी मृत्यु के बाद पहले तीन खलीफाओं के समय के दौरान, मुस्लिम एक एकल समुदाय थे, भले ही विशेष रूप से तीसरे खलीफा उथमन इब्न अफान (६४४-६५६ ई) के कार्यकाल के दौरान शासन में कुछ मतभेद थे । अगले खलीफा अली इब्न अबी तालिब (६५६-६६१ ई) के कार्यकाल के दौरान राजनीतिक असंतोष और अंततः विद्रोह का उदय हुआ । आगामी संघर्ष और युद्ध तीन गुटों में परिणत हुए; जो लोग हज़रात अली से लड़ रहे थे, जो लोग हज़रात अली और उनके विरोधियों के बीच मध्यस्थता से सहमत थे, और जो शुरुआत में हज़रात अली के साथ थे, लेकिन अली के विरोधियों के साथ मध्यस्थता से असहमत थे । इसलिए ऐतिहासिक रूप से, मुस्लिम समुदाय में विभाजन प्रकृति में राजनीतिक थे । इस्लामी इतिहास में इस मोड़ पर राजनीतिक प्रभाव कानूनी प्रभाव से अलग होने लगे; तीन शिविरों में कई मुस्लिम विद्वान पैदा हुए जिन्होंने शरीयत के निर्धारण के सिद्धांतों और अवधारणाओं को आकार दिया जो पहले से ही उपयोग किए जा रहे थे। महान मुस्लिम न्यायविद निर्गत हुए: जाबिर बिन ज़ायद (६३९-७०९ ई), अबू हनीफा (६९९-७६७ ई), जाफ़र सादिक (७०२-७६५ ई), मलिक (७११-७९५ ई), शाफ़ई (७६७-८२० ई), और इब्न हनबल (७८०-८५५ ई) । इन विद्वानों में से प्रत्येक इमाम के रूप में संदर्भित किया, जो उत्कृष्ट धार्मिक और कानूनी छात्रवृत्ति के लिए एक सम्मानजनक उपाधि है, उन्होंने कानून और कानूनी नियमों का निगमन करके एक पद्धति विकसित की और अनुयायियों का एक समूह इकट्ठा किया । १०वीं सदी तक इन महान विद्वानों द्वारा निर्धारित सिद्धांत अच्छी तरह से परिभाषित "न्यायशास्त्र के संप्रदाय" में विकसित हुए थे और विद्वानों की अनन्य निष्ठा को अपनाया था । इस प्रकार, जाबिर बिन जायद के संप्रदाय को इबादी के रूप में जाना जाता है, अबू हनीफा के संप्रदाय को हनफी के रूप में जाना जाता है, इसी तरह जाफर सादिक को शिया के रूप में जाना जाता है, मलिक के संप्रदाय को मलिकी के नाम से जाना जाता है, शाफ़ई के संप्रदाय को शाफ़ई के रूप में जाना जाता है । और इब्न हनबल को हनबली के नाम से जाना जाता है, हालांकि इनमें से किसी भी इमाम का इरादा किसी अलग संप्रदाय को बनाने का नहीं था । अगली तीन शताब्दियों में, सामान्य मुसलमान भी इन में से एक विशेष संप्रदाय का पालन करने लगे और कानूनी और धार्मिक फैसलों के लिए इसके प्रति विशेष निष्ठा रखने लगा ।

इन सभी “न्यायशास्त्र के संप्रदाय” के साथ, सभी मुस्लिम धर्मग्रंथ, कुरान, जो चौदह शताब्दियों पहले अवतरित हुआ और आज तक अपरिवर्तित रहा है, और पैगंबर मुहम्मद (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद हो उनपर) की रवायतों से एकजुट होते हैं । दुनिया भर के मुसलमान आस्था और धर्म के सिद्धांतों में भिन्न नहीं हैं और धार्मिक अनुष्ठान जैसे इबादत (भक्ति) और तीर्थयात्रा एकता में करते हैं ।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि इस्लाम धर्म लोगो को संप्रदायों में विभाजित होने से रोकता है । अल्लाह कुरान ३:१०३ में कहता है,

> ***और तुम सब के सब मिलकर ईश्वर की रस्सी मज़बूती से थामे रहो और आपस में फूट न डालो***

इस आदेश की भावना में, न्यायशास्त्र के सभी मुस्लिम संप्रदाय सदियों से एक ही समुदाय के रूप में रहते थे । दुर्भाग्यपूर्ण मुस्लिम संघर्ष जो हमने इतिहास में देखे हैं और जो हाल के दिनों में भड़क उठे हैं, उनका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है, बल्की वे भू-राजनीतिक संघर्ष हैं ।



*उमय्यद मस्जिद, जिसे दमिश्क की पुरानी मस्जिद के रूप में भी जाना जाता है, पुराने शहर दमिश्क में स्थित है, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी मस्जिदों में से एक है । इसे कुछ मुसलमानों द्वारा इस्लाम में चौथा सबसे पवित्र स्थान माना जाता है ।*

# इस्लाम में मूलभूत मानवाधिकार

मानवजाति ईश्वर की सब से सम्मानित रचना है । अल्लाह कुरान (१७:७०) में कहता है:

*हमने आदम के बेटों को सम्मान दिया है ...; उनपर विशेष एहसान किया और हमारी बहुत सारे रचनाओं पर उन्हें सम्मानित किया ।*

इस सम्मान के संरक्षण में, इस्लाम ने सभी मानवता के लिए बुनियादी अधिकारों कीस्थापना की है, फिर चाहे मनुष्य की आस्था, नस्ल या स्थिति कुछ भी हो । इस्लाम में कुछ प्रमुख मूल अधिकार जैसा कि कुरान में निर्धारित है, निम्नलिखित है:

1. आत्मा की पवित्रता और जीवन का अधिकार । जिसके बारे में धरा १५, और क़ुरान (५:३२) वर्णित है, अल्लाह कहता है:

    *...दरिद्रता के भय से अपनी औलाद को मार न डालना..... अल्लाह ने जीवन को पवित्र बनाया है, न्याय और कानून की स्थापना के अलावा, कोई जीवन न लो । वह तुमको आज्ञा देता है, ताके तुम ज्ञान सीख सको । (क़ुरान ६:१५१)*

2. जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं का अधिकार । मुसलमानों के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि साथी मनुष्यों के बुनियादी ज़रूरतों का ख्याल रखे ।

    *और उनके धन संपत्ति में माँगने वाले और न माँगने वाले (दोनों) का हिस्सा था, क़ुरान । (५१:१९)*

    गरीबों की मदद करना और जरूरतमंदों की देखभाल करना न तो उनपर कोई एहसान है और न ही विशेषाधिकार, बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों का अधिकार है ।

3. अपने सभी पहलुओं में स्वतंत्रता का अधिकार

    *फिर वह घाटी पर से होकर (क्यों) नहीं गुज़रा, और तुमको क्या मालूम*

*कि घाटी क्या है, किसी (की) गर्दन का गुलामी या कर्ज़ से छुड़ाना (क़ुरान ९०:११-१३)*

गुलामी के कई प्रकार हैं । इनमें शारीरिक और आर्थिक दासता, जबरन श्रम, यौन शोषण और अन्य प्रकार के शोषण शामिल हैं ।

पैगंबर मुहम्मद (शांति हो उन पर) ने कहा:

*लोगों की तीन श्रेणियां हैं जिनके खिलाफ मैं खुद निर्णय के दिन खड़ा हो जाऊंगा । इन तीनों में से एक वह है जो एक आज़ाद को गुलाम बनाता है ।*



*चीन, स्थित क्सियन, की महान मस्जिद । ७वीं सदी की शुरुआत में चीन का इस्लाम से परिचय हो गया था । आज चीन में २० करोड़ से अधिक मुस्लिम हैं ।*

इस प्रकार, इस्लाम ने ७वीं सदी में ही ग़ुलामी को समाप्त कर दिया । जबकि पश्चिमी देशो में १९वी सदी में ग़ुलामी समाप्त हुई थी ।३८

4. सभी मनुष्यों की समानता: सभी लोगों को समान माना जाता है और ईश्वर के सामने उत्कृष्टता का एकमात्र मानक चरित्र की शुद्धता और उच्च नैतिकता है ।

   *हे मनुष्यो! हमने तुम्हें पैदा किया एक नर तथा नारी से तथा बना दी हैं तुम्हारी जातियाँ तथा प्रजातियाँ, ताकि एक-दूसरे को पहचानो । वास्तव में, तुममें अल्लाह के समीप सबसे अधिक आदरणीय वही है, जो तुममें अल्लाह से सबसे अधिक डरता हो । वास्तव में अल्लाह सब जानने वाला है, सबसे सूचित है । क़ुरान ( ४९:१३ )*

5. समाज में किसी की स्थिति की परवाह किए बिना, सभी सामाजिक और आर्थिक मामलों में न्याय और निष्पक्षता का अधिकार ।

   *हे ईमान वालो! न्याय के साथ खड़े रहकर अल्लाह के लिए साक्षी (गवाह) बन जाओ । यद्यपि साक्ष्य (गवाही) तुम्हारे अपने अथवा माता पिता और समीपवर्तियों के विरुध्द हो, यदि कोई धनी अथवा निर्धन हो, तो अल्लाह तुमसे अधिक उन दोनों का हितैषी है । अतः अपनी मनोकांक्षा के लिए न्याय से न फिरो । यदि तुम बात घुमा फिरा कर करोगे अथवा साक्ष्य देने से कतराओगे, तो निःसंदेह अल्लाह उससे सूचित है, जो तुम करते हो । क़ुरान (४:१३५ )*

6. सम्मान, सुरक्षा और व्यक्ति की निजता की सुरक्षा ।

   *हे ईमान वालो! हँसी न उड़ाये कोई जाति किसी अन्य जाति की । हो सकता है कि वह उनसे अच्छी हो और न नारी अन्य नारियों की। हो सकता है कि वो उनसे अच्छी हों तथा आक्षेप न लगाओ एक-दूसरे को और न किसी को बुरी उपाधि दो । बुरा नाम है अपशब्द ईमान के पश्चात् और जो क्षमा न माँगें, तो वही लोग अत्याचारी हैं । (क़ुरान ४९:११)*

इसके अलावा, क़ुरान के छंद ४९:१२ में, अल्लाह कहता है:

*हे लोगो जो ईमान लाये हो! बचो अधिकांश गुमानों से । वास्व में, कुछ गुमान पाप हैं और किसी का भेद न लो और न एक-दूसरे की ग़ीबत करो । क्या चाहेगा तुममें से कोई अपने मरे भाई का मांश खाना? अतः, तुम्हें इससे घृणा होगी तथा अल्लाह से डरते रहो । वास्तव में, अल्लाह अति दयावान्, क्षमावान् है ।*

7. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जो सही और न्यायपूर्ण हैउसके लिए आवाज उठाना ।

   *तथा ईमान वाले पुरुष और स्त्रियाँ एक-दूसरे के सहायक हैं । वे भलाई का आदेश देते तथा बुराई से रोकते हैं..... (क़ुरान ९:७१)*

   इसके अलावा, क़ुरान में (४:१४८) में, अल्लाह कहता है:

   *अल्लाह को अपशब्द (बुरी बात) की चर्चा नहीं भाती, परन्तु जिसपर अत्याचार किया गया हो और अल्लाह सब सुनता और जानता है ।*

8. आस्था की स्वतंत्रता और किसी के आस्था को पालन करने की स्वतंत्रता । मुसलमानों का विश्वास है कि, इस्लाम के सत्य की तरफ मानव जाति को आमंत्रित करना उनका कर्तव्य है । हालाँकि, किसी को भी आस्था में मजबूर करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि आस्था आत्मा में दृढ़ विश्वास और ईमानदारी का नाम है । अल्लाह कुरआन की आयत (२:२५६) में कहता है,

   *धर्म में बल प्रयोग नहीं । सुपथ, कुपथ से अलग हो चुका है ।*

   इस्लाम में आस्था की यह स्वतंत्रता कुरान में कई जगह दोहराई गई है ।३९

इन इस्लामी मूल्यों के अलावा कुरआन में निर्धारित सिद्धांतों, और पैगंबर की रावत सब सार्वभौमिक हैं और मानव अधिकारों और लोकतंत्र के आवश्यक तत्वों का गठन करते हैं।

# इस्लाम में सांस्कृतिक विविधता

इस्लाम लोगों के रीति-रिवाजों, नस्ल, भाषाओं, पहनावों, भोजन, कला, लोककथाओं और अन्य सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में विविधता को स्वीकार करता है, क्योंकि यह न केवल वैध है, बल्कि अल्लाह के इनामों का संकेत भी है । हालाँकि, इस्लाम संस्कृति के उन पहलुओं को स्वीकार नहीं करता है और यहां तक कि उनकी निंदा करता है जो इसकी शिक्षाओं और सिद्धांतों के विपरीत हैं । अल्लाह कहता है;

> *तथा उसकी निशानियों में से है, आकाशों तथा धरती को पैदा करना तथा तुम्हारी बोलियों और रंगों का विभिन्न होना । निश्चय इसमें कई निशानियाँ हैं, ज्ञानियों के लिए । (क़ुरान ३०:२२)*

क़ुरान की एक अन्य आयात में, अल्लाह कहता है;

> *ऐ लोगों! हमने तो तुम को पुरुष और महिला से बनाया है, और तुमको राष्ट्रों और जनजातियों में बनाया है, ताकि तुम एक दूसरे को जान सको । इसमें संदेह नहीं कि ईश्वर के नज़दीक तुम सब में बड़ा कुलीन और ईश्वरीय चेतना वाला हो । निसंदेह ईश्वर बड़ा ज्ञानवाला और ख़बरदार है । (क़ुरान ४९:१३)*

आधुनिक वैश्वीकृत दुनिया में, लोग अक्सर विभिन्न नस्लीय, जातीय और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से सम्बंधित मुसलमानों में दिखाई देने वाले मतभेदों को देखते हैं । सांस्कृति और धर्म, इसके बीच अंतर करना महत्वपूर्ण हो जाता है और मुस्लिम दुनिया के भीतर मौजूद सांस्कृतिक विविधता की समझ बनाने के लिए धर्म और संस्कृति के बीच परस्पर क्रिया को जानना भी ज़रूरी है ।

जिस तरह से इस्लाम दुनिया भर की संस्कृतियों में खुद को प्रकट करता है, उसमें कई विभिन्नता हैं । इससे किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि एक सार्वभौमिक धर्म होने के नाते, इस्लाम दुनिया के हर कोने में व्यावहारिक रूप से फैल गया है । इस प्रसार में संस्कृतियों की विविधता शामिल है, जो सभी इस्लामी ढांचे के भीतर ही व्यक्त की जाती हैं । इसका मतलब है, मेजबान देश के बावजूद, इस्लाम का मूल - आस्था और व्यक्तिगत व्यवहार की अनिवार्यता - सभी मुसलमानों के लिए एक सामान्य केंद्रबिंदु के रूप में कार्य करता है ।

उदाहरण के लिए, सभी मुसलमान एक ईश्वर में विश्वास करते हैं । वे सभी स्वर्गदूतों, फरिश्तों पर विश्वास करते हैं । वे सभी एक ही कुरान को पढ़ते और दर्शाते हैं । वे सभी पैगंबर मुहम्मद (शांति उहो उन पर) को मानते हैं और उनका पालन करते हैं । वे सभी निर्णय के दिन और मृत्यु के बाद जीवन में, और व्यक्तिगत जवाबदेही में विश्वास करते हैं । वे सभी ईश्वरीय संकल्प और नियति में विश्वास करते हैं । इस्लाम के पांचो स्तंभ दुनिया भर के सभी मुसलमानों के लिए समान हैं । चाहे आप ओमान में हों या इंडोनेशिया या सेनेगल या चीन में या भारत में आप को एक ही जैसी अज़ान (प्रार्थना के समय का आवाहन) सुनने मिलेगी । दुनिया भर के मुसलमान रमजान के महीने के दौरान एक साथ उपवास करते हैं और तीर्थयात्ना या हज के वार्षिक अनुष्ठानों के दौरान मक्का में एक साथ जुड़ते हैं । इसलिए, इस्लाम में सांस्कृतिक विविधता के भीतर बुनियादी विश्वास और प्रथाओं की एकता की एक मजबूत भावना है ।

बेशक, धर्म कभी भी संस्कृतिहीन निर्वात के भीतर मौजूद नहीं होती है । यह हमेशा एक सांस्कृतिक समायोजन के भीतर अभिव्यक्ति पाता है । इसी के साथ, संस्कृतियां बहुमत के नैतिक मूल्यों और धार्मिक शिक्षाओं के बिना आयोजित कभी भी विकसित नहीं होती हैं । “इसलिए, न तो कोई धार्मिक रूप से तटस्थ संस्कृतियां हैं और न ही कोई संस्कृति-मुक्त धर्म ।४० किसी भी समय और स्थान पर मुसलमानों (और गैर-मुसलमानों) के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यह है कि इन शिक्षाओं और सिद्धांतों पर अक्सर व्याख्या की सांस्कृतिक परतों से इस्लाम के कालातीत और सार्वभौमिक शिक्षाओं और सिद्धांतों को अलग करके देखना है । यहां तक कि पैगंबर मुहम्मद, (शांति हो उन पर) का अनुमान लगाया गया है कि मुसलमान अनिवार्य रूप से उन परिस्थितियों का सामना करेंगे जो कुरान या सुन्नत में वर्णित नहीं होंगे । हमेशा नई सांस्कृतिक और कानूनी स्थितियां होंगी जिनके लिए महत्वपूर्ण विश्लेषण और व्यावहारिक और संवेदनशील न्यायिक विद्वानों की बुद्धि की आवश्यकता होगी । निश्चित रूप से, विश्व क्षेत्नों और युगों में नए मुद्दे होंगे जो पैगंबर (शनती हो उनपर) के समय अनुभव में नहीं आये होंगे और अधिक होंगे, और इसलिए, सांस्कृतिक बारीकियों का निर्वाचनों और विकसित सांस्कृति के लिए प्रतिक्रिया यह ऐसे कार्य हैं जिसे मुसलमान हमेशा से करता चला आरा है ।

पर्यवेक्षक, विशेष रूप से पश्चिमी देशो से आने वाले, आमतौर पर मुस्लिम समाजों का मूल्यांकन करते समय, अपनी समझ बनाने के लिए, दो दृष्टिकोणों में से एक लेते हैं । पहला दृष्टिकोण, मुसलमानों को एकल अखंड और अपरिवर्तनीय इकाई के रूप में देखा जाता है । जहाँ भी मुसलमान है, बावजूद अलग-अलग भूगोल और समय के होते हुए भी, वे एक समान हैं ।४१ यह दृष्टिकोण आधुनिक मुस्लिम दुनिया में दिखाई देने वाली सांस्कृतिक विविधता की उपेक्षा करता है । दूसरा दृष्टिकोण, पहले वाले से बहुत विपरीत है । इस्लाम अपने धर्मग्रंथों से अलग मुख्य रूप से अपने अनुयायी लोगों के साथ पहचाना जाता है । चूंकि मुसलमान विविध लोग हैं, इसलिए अलग-अलग "इस्लाम" हैं, जैसे तुर्की इस्लाम, लेबनानी इस्लाम, ओमानी इस्लाम, इंडोनेशियाई इस्लाम, आदि । इस दृष्टिकोण के अनुसार, इस्लाम की एकात्मक दुनिया नहीं है, बल्कि कई दुनिया में कई "इस्लाम" हैं । परिस्थितियों के आधार पे बहुत से "इस्लाम" है में जो उन्हें निर्वाह करती हैं ।४२ यहां, सांस्कृतिक विविधता रेखा को उस बिंदु तक बढ़ाया गया है जहां इस्लाम अपनी इकाई खो कर राष्ट्रीय पहचानों में टूट गया है । समय और स्थान में इस्लाम के अद्वितीय अनुभवों के बारे में बात ही अधिक सही दृष्टिकोण होगा । इस्लाम धर्म के रूप में कुरान और हदीस, सुन्नत (पैगंबर के व्यावहारिक उदाहरण) के पाठ स्रोतों में संरक्षित किया गया है । पाठ के रूप में इस्लाम नहीं बदलता है, लेकिन मुसलमान एक शून्य में अस्तित्व नहीं हैं । वे एक निश्चित समय और एक विशेष स्थान पर रहते हैं । एक विशेष भूगोल की परिस्थितियाँ और समय के मुद्दे और चुनौतियाँ, एक संदर्भ प्रदान करते हैं, जिन की लिए मुस्लिम कुरान और सुन्नत से प्रेरणा लेते हैं । इस मामले में, 'पाठ' और 'संदर्भ' दोनों एक पोत प्रदान करते हैं जहां इस्लाम के अनूठे अनुभवों को एक अपरिवर्तित पाठ की ताजा समझ और व्यावहारिक व्याख्या के माध्यम से उत्पादित किया जाता है ।४३

व्यक्तिगत स्तर पर, इस्लाम का अनुभव एक मुस्लिम के लिए उसकी शिक्षाओं उसके ज्ञान, समझ के स्तर और उन शिक्षाओं के आंतरिककरण पर निर्भर करता है, और उन शिक्षाओं का मुसलमनो द्वारा जिस स्तर पर अभ्यास किया जाता है उस पर नहीं निर्भर करता है । इसी तरह, प्रत्येक मुस्लिम समाज अपने समय और भूगोल में मौजूद कारकों के आधार पर इस्लाम का अनुभव करता है। मुसलमान, इसलिए अखंड इकाई नहीं हैं और न ही कई 'इस्लाम' हैं। बल्कि, व्यक्तियों और मुस्लिम समाजों द्वारा इस्लाम के अनूठे अनुभव हैं । ये अनुभव

अपरिहार्य हैं और वे मुस्लिम दुनिया में हमारे द्वारा देखी जाने वाली सांस्कृतिक विविधता की व्याख्या करते हैं । यह विविधता, वास्तव में, अपने प्रमुख सिद्धांतों और शिक्षाओं को बनाए रखते हुए विभिन्न संस्कृतियों के लिए इस्लाम की अविश्वसनीय अनुकूलनशीलता का प्रमाण है । मुसलमान इस संतुलन को ईश्वर की दूरदर्शी और दया के प्रमाण के रूप में देखते हैं । इस्लाम बहुत ही सांस्कृतिक-अनुकूल है और यह हमेशा एक संस्कृति को बेहतर बनाने और बढ़ाने का प्रयास करता है । अफसोस है कि कुछ मुसलमान अज्ञान से या ऐतिहासिक जागरूकता की कमी से सांस्कृतिक मानदंडों को अपनी इस्लामी जड़ों से जोड़ने में विफल होते हैं । जब ऐसा होता है, तो सांस्कृतिक आदतें जो इस्लाम की भावना और शिक्षाओं के लिए विरोधी हैं, विकसित कर सकती हैं और यह धारणा दे सकती हैं कि एक विकृत या विनाशकारी सम्मेलन वास्तव में इस्लामी है ।४४ कुछ मुस्लिम समाजों के भीतर कई ऐसी बुरी सांस्कृतिक प्रथाएं हैं जो गलत तरीके से इस्लाम से जुड़ी हैं या इनका जिम्मेदार गलती से इस्लामी शिक्षाओं को  ठहराया जाता है । इन प्रथाओं में जबरन विवाह, बाल विवाह, सम्मान हत्या, पुरुष बच्चे के लिए वरीयता और महिला जननांग विकृति शामिल हैं । ये सभी प्रथाएं गैर-इस्लामी हैं, फिर भी वे गलत धारणाओं को खत्म करने और इस्लाम के बारे में नकारात्मक रूढ़ियों को मजबूत करने का काम करती हैं ।



*मस्जिद में एक अध्ययन चक्र में युवा मुस्लिम छात्र कुरान का पाठ करते हुए, नेकहोन-श्री-थम्मरत, थाईलैंड ।*

# धर्म क्यों महत्वपूर्ण है?

धर्म के महत्वपूर्ण होने के छह कारण हैं:

1. हमारे मूल्यों, व्यवहार और कार्यों को हमारे आंतरिक विवेक में आदर्श के रूप में माना जाता है । यह मानदंड को हमारी संस्कृति से आकार मिला जो हमें विरासत में मिला है। सांस्कृतिक मानदंड आस्था से बहुत प्रभावित होता है, फिर चाहे जो भी आस्था हो । एक सांस्कृतिक आदर्श (या मानदंड) के बिना हमारा जीवन का उन्मुखीकरण भ्रमित हो जाएगा, जिससे दिशा की भावना की कमी हो सकती है, समाज द्वारा बताए गए मूल्यों और मानदंडों का खालीपन और टूट के बिखरना, इस प्रकार सामाजिक और साथ ही व्यक्ति के आंतरिक विकार का निर्माण होता है । इसलिए, शुरुआत में धर्म महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विश्वास को परिभाषित करता है जो हमारे सांस्कृतिक आदर्श और विश्वदृष्टि को परिभाषित करता है। यह हमारे सामाजिक के साथ-साथ व्यक्तिगत ईमानदारी की गारंटी देने वाला भी है ।

2. धर्म ईश्वर से संबंधित ज्ञान का एकमात्र स्रोत है: वह कौन है, उसकी विशेषताएँ क्या हैं और उसका स्वभाव क्या है? इस प्रकार, धर्म महत्वपूर्ण है क्योंकि धर्म को अस्वीकार करना ईश्वर को अस्वीकार करने के समान है ।

3. धर्म ज्ञान का एकमात्र स्रोत है जो उन चीजों से संबंधित है जो मानवीय धारणा, या सोच से परे हैं लेकिन फिर भी वास्तविक हैं । यह धर्म हैं जो मानव आत्मा की अनंत प्रकृति, मृत्यु के बाद के जीवन, फरिश्तों, इत्यादि के बारे में बताता है । इस प्रकार, धर्म के बिना व्यक्ति इन वास्तविकताओं से पूरी तरह से बेखबर है जो हमारी शारीरिक धारणा से परे हैं ।

4. धर्म हमें जीवन के उद्देश्य के बारे में बताता है: मैं यहाँ क्यों हूँ? मैं आखिर कहां जा रहा हूं? इस जीवन में मेरीपसंद या इच्छा के परिणाम क्या हैं? बहुत से लोग निराशा में हैं क्योंकि उनके पास जीवन में इस उद्देश्य की कमी है ।

5. धर्म को जीवन के तरीके के रूप में परिभाषित किया गया है; जीने की एक संहिता जिसका उद्देश्य मानवीय गरिमा और सुरक्षा की रक्षा करना और संरक्षण करना है और

साथ ही साथ एक सामंजस्यपूर्ण और खुशहाल जीवन के लिए परिस्थितियां बनाना है । हमारे जीने के लिए धर्म नैतिक मानकों और न्यायसंगत न्याय प्रणाली को परिभाषित करता है । धर्म को अनदेखा करने से मानव बुराइयों की पूरी सूची बन जाती है; शोषण, अन्याय, उत्पीड़न, लालच, भेदभाव, भ्रष्टाचार, और बहुत । हमारे अपने सामूहिक भलाई के लिए धर्म आवश्यक है ।

6. अंतिम में, धर्म महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस बारे में बताता है कि हम अपने अगले जीवन की तैयारी कैसे कर सकते हैं । जैसा कि धारा 9 में तर्क दिया गया है, मृत्यु के बाद का जीवन एक वास्तविकता है और जो आगे आनेवाला है वह उन विकल्पों पर निर्भर करता है जो हम इस जीवन में करते हैं । धर्म हमें बताता है कि हमारा निर्माता हमसे क्या उम्मीद कर रहा है, हमें अपने जीवन का संचालन कैसे करना चाहिए और इस जीवन के बाद हमारे कार्यों के परिणाम क्या होंगे ।

धर्म के बिना जीवन, जीवन के उद्देश्य और हमारे अस्तित्व के व्यापक दृष्टिकोण से अनजान है, साथ ही ऐसा जीवन जिसमें आने वाली चीजों की दृष्टि का अभाव है । यह कतई समझदारी नहीं है कि हम धर्म को अनदेखा करें और जैसा की कुरान के निम्नलिखित श्लोक हमें चेताते है (६७:६-१२)

> *और जिन्होंने कुफ्र किया अपने पालनहार के साथ तो उनके लिए नरक की यातना है । और वह बुरा स्थान है । जब वह फेंके जायेंगे उसमें तो सुनेंगे उसकी दहाड़ और वह खौल रही होगी । प्रतीत होगा कि फट पड़ेगी रोष (क्रोध) सेर, जब-जब फेंका जायेगा उसमें कोई समूह तो प्रश्न करेंगे उनसे उसके प्रहरीः क्या नहीं आया तुम्हारे पास कोई सावधान करने वाला (रसूल)? वह कहेंगेः हाँ हमारे पास आया सावधान करने वाला । पर हमने झुठला दिया और कहा कि नहीं उतारा है अल्लाह ने कुछ। तुम ही बड़े कुपथ में हो । तथा वह कहेंगेः यदि हमने सुना और समझा होता तो नरक के वासियों में न होते । ऐसे वह स्वीकार कर लेंगे अपने पापों को। तो दूरी है नरक वासियों के लिए । अर्थात अल्लाह की दया से । निःसंदेह जो डरते हों अपने पालनहार से बिन देखे उन्हीं के लिए क्षमा है तथा बड़ा प्रतिफल है ।*

# मुसलमान कैसे बन सकते है?

इस्लाम, आस्था के छह और धर्म के पांच स्तंभ पर आधारित है जिनका वर्णन इस पुस्तक के खंड २ में किया गया है । एक बार इन सिद्धांतों को समझने और स्वीकार करने के बाद, कोई व्यक्ति केवल निम्नलिखित की घोषणा करके मुसलमान बन जाता है:

***अश-हदु अल्लाह इल्लाह इल्लल्लाह व अशदुहु अन्न मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह***

***मैं इस बात की गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई भी इबादत (भक्ति) के योग्य नहीं है; और मुहम्मद अल्लाह के रसूल हैं ।***

इस कथन को अरबी भाषा में *शहादा कहा* जाता है, जिसका अर्थ है आस्था की प्रतिज्ञा और पुष्टि । इसे पहले अरबी में कहा जाता है और फिर उस भाषा में जिसे नए मुस्लिम द्वारा समझा जाता है ।

शाहद का उच्चारण करने के, मुसलमान बनने के बाद विश्वास और धर्म के स्तंभ यकींन और उनका पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हो जाता है ।

जब एक गैर-मुस्लिम इस्लाम को स्वीकार करता है, तो वह वास्तव में अपने 'जन्म के धर्म' की ओर लौटता है, क्योंकि हर कोई मुस्लिम ही पैदा होता है। अर्थात्, जन्म के समय हर कोई प्रकृति के अनुसार अल्लाह की इच्छा के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होता है और उसे बुनियादी नैतिकता के प्रति जन्मजात जागरूकता होती है (अरबी में फितरा) । जैसा व्यक्ति बड़ा होता है, यह माता-पिता और आसपास की संस्कृति है जो व्यक्ति को एक विशेष धर्म की ओर ले जाती है । इसलिए सत्य की तलाश, आस्था और धर्म को समझना, व्यक्ति पर निर्भर और उसकी ज़िम्मेदारी है ।

# आस्था के बारे में सत्य

1. जन्म के अवसर और पूर्वजों का अनुसरण के आधार पर अंधी आस्था कोई आस्था नहीं है।

2. सच्ची आस्था ज्ञान, तर्क और कारन पर आधारित होना चाहिए ।

3. किसी के आस्था का आधार ठोस प्रमाण द्वारा समर्थितहोना चाहिए ।

**ध्यान दें (नोट):** इस्लाम में, आस्था और कारण परस्पर अनन्य नहीं हैं । अपनी आस्था को साबित करने और मजबूत करने के लिए कारण का उपयोग करना आवश्यक है।

# शब्दकोष

**अल्लाह:** सृष्टि के रचयिता और ईश्वर का व्यक्तिगत नाम । (धारा ३ देखें)

**आयत:** कुरान में कोई भी श्लोक इसका अर्थ 'ईश्वर की पहचान के संकेत चिन्ह' भी है ।

**खलीफा:** मुस्लिम समुदाय के नेता । यह अरबी शब्द खलीफा से आया है जिसका अर्थ 'प्रतिनिधि' भी है ।

**हदीस:** हदीस (या हदीथ) और सुन्नत (क्रमश) पैगंबर मुहम्मद (शांति हो उन पर) का जीवन और जीवन के उदाहरण हैं । वे पैगंबर के उपदेशों का अंग बनाते हैं जिन्हें सामूहिक रूप से 'पैगंबर की सुन्नत' कहा जाता है । (धारा ८ देखें)

**हज:** मक्का में मुस्लिम वार्षिक तीर्थ । (धारा २ देखें)

**हिजरा:** मक्का से मदीना तक मुसलमानों का पलायन ६२२ ई. में हुआ था । इसने मुस्लिम कैलेंडर की शुरुआत को चिह्नित किया जिसे हिजरा कैलेंडर कहा जाता है । (धारा ४ देखें)

**इबादी:** इस्लामी संप्रदाय, स्कूलों के कानून में से एक । (धारा १८ देखें)

**इस्लाम:** उस धर्म का नाम जो सृष्टिकर्ता, अल्लाह की पवित्रता में विश्वास करने और उसकी इच्छा के प्रति कुल स्वीकृति और आज्ञाकारिता के लिए कहता है । (धारा २ देखें)

**जिहाद:** अल्लाह के कार्य के लिए प्रयास करना या संघर्ष करना । इस प्रकार, आस्तिक की प्रत्येक क्रिया जो अल्लाह की खुशी और अनुमोदन अर्जित करने के इरादे से की जाती है, वह जिहाद है । (धारा १६ देखें)

**काबा:** एक ईश्वर की इबादत (भक्ति) के लिए पृथ्वी पर बनायागया पहला घर । यह मक्का में महान मस्जिद के परिसर के भीतर स्थित है और इसे आमतौर पर काले कपड़े में लपेटा जाता है ।

**मदीना:** सऊदी अरब का एक शहर मक्का से लगभग ४०० किलोमीटर उत्तर में स्थित है । यह इस्लाम की दूसरी पवित्रतम मस्जिद, पैगंबर की मस्जिद, (अरबी में मस्जिद अल-नबावी) का स्थान है ।

**मक्का:** सऊदी अरब के पश्चिमी भाग में स्थित एक शहर । यह काबा का स्थान है और यहाँ इस्लाम में पहली पवित्र मस्जिद है (अरबी में मस्जिद अल-हरम) ।

**मुस्लिम:** एक व्यक्ति जो इस्लाम धर्म के सिद्धांतों को मानता है और उसका पालन करता है ।

**किबला:** मक्का, काबा की दिशा जिस ओर मुसलमान नमाज़ अदा करते हैं ।

**कुरान:** पैगंबर मुहम्मद (शांति उस पर हो) पर अवतरित अंतिम दिव्य संदेश । (धारा ६ देखें)

**शरीअत:** इस्लामी आचार संहिता जिसमें बुनियादी विश्वासों (पंथ),इबादत के तरीके, नैतिकता, सामाजिक-आर्थिक सिद्धांतों और दंड के नियम को शामिल करती है । (धारा १७ देखें)

**शिया ':** इस्लामी समुदाय, स्कूलों के कानून में से एक । (धारा १८ देखें)

**सुन्नी:** इस्लामी समुदाय, स्कूलों के कानून में से एक । (धारा १८ देखें)

**सूरा:** कुरआन का अध्याय ।

**उम्मत:** जग का पूरा मुस्लिम समुदाय ।

# टिपण्णी

1. जब भी पैगंबरों के नामों का उल्लेख किया जाता है, तो मुसलमान (शांति / आशीर्वाद अल्लाह का उन पर हो) कहकर अल्लाह का आह्वान करते हैं । (कुरआन ३३:५६, ३७:१८१ भी देखें)

2. कुरआन (२:१३२, १३६, २२:७८)

3. कुरान के कई छंदों में विश्वास के लेख, स्तंभ को घोषित किए गए हैं; उदाहरण के लिए, २:३-४, २:२८५, ४:१३६, ५४:४९, और अन्य छंद ।

4. कुरआन में यह स्पष्ट है कि हमारे कार्य ईश्वर द्वारा पूर्व निर्धारित नहीं हैं । उदाहरण के लिए देखें ४:६२, १०:४४, १३:११, १८:२९, ३०:४१, और अन्य छंद ।

5. कुरान में धर्म के लेखों, स्तंभ को कई छंदों में घोषित किया गया है; उदाहरण के लिए, (२:३, २:४३, २:१८३, २:१९६, ३:९७, २२:७८) और अन्य छंद।

6. तक़वा का शाब्दिक अर्थ है डरना या रक्षा करना । इसका अर्थ है अपने आप को अल्लाह के प्रकोप से बचाने और उनकी उपस्थिति से डरने और सचेत रहने का प्रयास । यह ईश्वर-चेतना धर्मपरायणता या धार्मिकता की प्राप्ति के लिए एक प्रेरक शक्ति है, अर्थात् अच्छाई करना और बुराई से रुकना ।

7. क़ुरान ७:१५८, २१:१०७, ३३:४०, ३४:२८

8. नेतृत्व का यह प्रस्ताव उतबा बिन राबियाह (अबू सुफियान के ससुर) द्वारा किया गया था, जो मक्का में गणमान्य लोगों में से था ।

9. क़ुरान २९:५०-५१

10. पवित्र कुरान, अनुवाद व तफ़सीर, ए युसुफ अली, द इस्लामिक फाउंडेशन, लंदन, १९७५ द्वारा पवित्र क़ुरआन, अनुवाद और व्याख्या । आयत ७:१५७ पर टिप्पणी ।

11. क़ुरान ३:३, ४:४७, ५:४८, १५:९, २६:१९२-१९६, ७६:२३ और अन्य आयत ।

12. अल्लाह और शेष सृष्टि के साथ मनुष्य का संबंध कुरान में कई छंदों में घोषित किया गया है । उदाहरण के लिए; १:२, २:२१-२२, २:२५७, ७:५४, ५०:२१, ८२:१०-१२, १८:५०, ६:११२, १२:५, ६:३८, २:१६४, ३१:१०, ३६:७१-७३, और अन्य छंद ।

13. कुरआन २:३८-३९, २:८१-८२, १७:९-१०, और अन्य छंद।

14. कुरआन ३:१३७,१०:७१–७३; ११:२५-४९, १२:१-११३, १७:२-८, ७१:१-२८ और अन्य छंद।

15. कुरान में पहाड़ों की भूवैज्ञानिक अवधारणा, एल-नागर, पृष्ठ ५

16. इस विषय पर और पढ़ने के लिए कृपया (i) कुरान और मॉडर्न साइंस, डॉ. ज़ाकिर नाइक द्वारा, (ii) द बाइबल, कुरान और साइंस, मौरिस बुकेले द्वारा, (ii) कुरान: उन्चल्लेंजएब्ले मिराक्लेस कैंसर तसलामन द्वारा, एंडर गुरोल द्वारा अनुवादित इन किताबों का भी अध्ययन करें ।

17. क़ुरान २:३४, १७:६१

18. क़ुरान १४:४४-४६, ७४:८-१०, ८०:३३-४६

19. क़ुरान १३:२२-२३, ३६:५५-५६, ५२:२१

20. क़ुरान ५:४८, १६:३६, १०:४७

21. क़ुरान ३:६४-६५; ३:९८–१००, ४:४७, और अन्य छंद ।

22. क़ुरान २:७५, २:७९, २:१४६, १५९, १७४, ३:७१, ४:४६, ५:१३ और ५:१५ ईसाई पृष्ठभूमि के बाइबिल विद्वान भी इस तथ्य पर जोर देते हैं, उदाहरण के लिए देखें (i) बार्ट डी । एरमन द्वारा (i) 'मिकोस्टिंग जीजस' और' (2) ‘जीजस इंटेररुपटेड'

23. क़ुरान ५:४८

24. क़ुरान ११:११८-११९

25. क़ुरान ३:५९, ४:१७१, ५:७५, ५:११६-११७, १९:३०

26. बाइबिल (KJV); मैथूव् २४:३६, जॉन ५:३०, १४:२८, १७: ३ और २०:१७, एक्ट्स २:२२ इस विषय पर आगे पढ़ने के लिए निम्नलिखित साइट पर जाएँ: http://www.islam-guide.com/ch1-10-3.htm आप डॉ. लॉरेंस ब्राउन द्वारा द फर्स्ट एंड फाइनल टेस्टामेंट 'भी पढ़ सकते हैं ।

27. क़ुरान ३:४५, ४:१७१, ५:७२, १९:३०

28. क़ुरान १९:२७–३३, ३:४९; ५:११०

29. क़ुरान ५:११०, ५७:२७

30. बाइबल के सभी संस्करण इस तथ्य की गवाही देते हैं कि ईसा (शांति हो उन पर) 'इज़राइल की सन्तानो' के लिए भेजे गए थे । उदाहरण के लिए, बाइबल (KJV), मैथूव् १०:५ -६, १५:२२-२६ देखें ।

31. वैज्ञानिकों में सर एंटनी फ्लेव थे जो नास्तिकवाद के प्रबल समर्थक थे । २००४ में उन्होंने ईश्वर में अपनी आस्था की घोषणा की और २००७ में एक पुस्तक लिखी जिसका शीर्षक था - 'देर इस गॉड : हाउ द वर्ल्ड्स मोस्ट नाटोरेअस एथेस्ट चेंज्ड हीस माइंड' । जिसका अनुवाद है ईश्वर है : कैसे एक खुख्यात नास्तिक ने अपनी सोच बदली ।

32. क़ुरान ७:१७२, ३०:३०

33. क़ुरान ३:८६, १०:९, १३:२७, १७:९७, १८:१७, ४८:४, ७४:३१

34. क़ुरान १७:७०, २३:११५, २९:२, ३०:८

35. इतिहास में महिलाओं के साथ हुए अन्याय के उदाहरण निम्नलिखित हैं: (i) पूर्व-इस्लामिक अरब में शिशु लड़कियों को जिंदा दफनाया जाता था (ii) रोमन सभ्यता ने महिलाओं को दासी माना, जबकि यूनानियों ने महिलाओं को वस्तु माना (iii) फ्रांस में ५८७ इ. में यह तय करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया गया था कि महिलाएं मनुष्य हैं या नहीं (iv) १८५० से पहले इंग्लैंड में महिलाओं को नागरिक नहीं माना जाता

था, और १८८२ तक उनके पास कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं था (v) चीनी संस्कृति में पुरुषों को न केवल अपनी पत्नियों को दासी के रूप में बेचने की अनुमति थी, बल्कि उन्हें जिंदा दफनाने की भी अनुमति थी (vi) हिंदुओं ने महिलाओं को मृत्यु, नरक, जहर या आग से भी बदतर माना था ।

36. क़ुरान २:१९०, २:१९३, २:२१७, ४:७५, ८:३९

37. क़ुरान ८:६७-७०, अध्याय ८ और ९ के बड़े हिस्से (साथ ही अन्य अध्याय) में, युद्ध के लिए परिस्थितियों से निपटने, युद्ध के संचालन, युद्ध में, युद्ध के बारे में निर्णय लेने, शरण चाहने वालों, युद्ध की माल का प्रबंधनऔर युद्ध बंदियों के उपचार । यह याद रखना महत्वपूर्ण है मुस्लिम इतिहास में पहले समुदाय थे, जिन्हो ने युद्ध बंदियों के उपचार पर कानून लागू किया था ।

38. उन्मूलन समयरेखा देखें: http://en.wikipedia.org/wiki/Abolition_of_slavery_timeline

39. क़ुरान १०:९९, १०९:१-६ और अन्य छंद ।

40. संदर्भ VI, पृष्ठ १८३

41. संदर्भ VII, पृष्ठ ४

42. संदर्भ VII, पृष्ठ ४

43. संदर्भ VIII, पृष्ठ ४११०-११४

44. संदर्भ VIII, पृष्ठ ११६-११८

# संदर्भ

I. पवित्र कुरान, अनुवाद व तफ़सीर, ए यूसुफ अली, द इस्लामिक फाउंडेशन, लंदन १९७५

II. सैय्यद अबुल ए मौलादी, द इस्लामिक फाउंडेशन, लंदनद्वारा 'टुवर्ड्स अंडरस्टैंडिंग कुरान' १९९२

III. कुरआन एंड मॉडर्न साइंस : कनफ्लिक्ट ओर कॉंसिलिएशन? डॉ. ज़ाकिर नाइक (२००८), इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन, मुंबई, भारत

IV. उलूम अल-कुरान: इंट्रोडक्शन तो साइंस ऑफ़ क़ुरान, अहमद वॉन डेफेर द्वारा, द इस्लामिक फाउंडेशन, लंदन, १९८३

V. मुहम्मद इन हिंदू स्क्रिप्टचर । डॉ. वेद प्रकाश उपाध्याय, प्रकाशित ए.एस. नॉरडीन, मलेशिया, २००७

VI. तारिक रमजान, रेडिकल रिफॉर्म: इस्लामिक एथिक्स एंडलिबरेशन, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, ऑक्सफोर्ड, २००९

VII. क्लिंटन बेनेट, मुस्लिम एंड मॉडर्निटी: एन इंट्रोडक्शन टू द इश्यूज़ एंड डिबेट्स, कॉन्टिनम, न्यूयॉर्क, २००५

VIII. मेहमत ओज़लप, इस्लाम इन ट्रेडिशन एंड मॉडर्निटी, बार्टन बुक्स, ऑस्ट्रेलिया, २०१२




"अर-रहमान", संपूर्ण दयालु । यह अल्लाह की विशेषताओं में से एक है

# टिप्पणियाँ

تعريف الإسلام باللغة الهندية



एटम डीएनए की आणविक संरचना

बिक्री के लिए नहीं है